# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 23.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंन्स के माध्यम से 71 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र, कहा – आज नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है देश का युवा।**
2. **रांची के सेंबो स्थित सीआरपीएफ कैंप में आयोजित रोजगार मेले में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और हजारीबाग के मेरू में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र।**
3. **केंद्रीय सूचना तथा प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा के लिए आज से तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर।**
4. **राज्य भर के मेडिकल कॉलेजों, सदर अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की प्रबंधन व्यवस्था होगी मजबूत, विभिन्न श्रेणियों के 298 पदों पर जल्द होगी नियुक्ति।**
5. **मध्यप्रदेश के देवास में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल के अंडर–19 ताइक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन, जीता स्वर्ण और रजत पदक**

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कांफ्रेंन्स के माध्यम से 71 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि देश में बीते डेढ़ साल में करीब 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

श्री मोदी ने कहा कि आज भारत का युवा, नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है।

यह रोजगार मेला आज देश के 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। नवनियुक्त कर्मी गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, वित्तीय सेवाएं और अन्य मंत्रालयों और विभागों में शामिल होंगे। इधर, रांची के सेंबो स्थित सीआरपीएफ कैंप में आयोजित रोजगार मेले में 324 अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस समारोह में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और पुलिस महानिरीक्षक साकेत कुमार मौजूद थे। वहीं, हजारीबाग के मेरू स्थित प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया।

*****************

केंद्रीय सूचना तथा प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा के लिए आज से तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। इस दौरान वे मेदिनीनगर में कैम्प करेंगे। इस क्रम में वे हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के साथ ही कावाखो गांव में ड्रिप सिंचाई प्रणाली और एससी आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण करेंगे। वे दूरदर्शन केंद्र और सीबीसी कार्यालय समेत पलामू सदर अस्पताल का भ्रमण करेंगे और मोहम्मदगंज में चल रही रेलवे परियोजना का भी दौरा करेंगे।

*****************

झारखंड सरकार ने केंद्र से जीएसटी मुआवजा की कम से कम 70 फीसदी राशि मुहैया कराने का आग्रह किया है। राज्य सरकार के मुताबिक पिछले पांच साल में जीएसटी मुआवजा 41 हजार करोड़ रुपये था, लेकिन झारखंड को सिर्फ 14 हजार करोड़ रुपये ही मिल सके। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा है कि राज्य सरकार को केंद्र से सहयोग की दरकार है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों राजस्थान के जैसलमेर में वित्त मंत्रियों के सम्मलेन में उन्होंने यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया है।

****************

राज्य भर के मेडिकल कॉलेजों, सदर अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की प्रबंधन व्यवस्था को जल्द मजबूत किया जाएगा। इस कड़ी में विभिन्न श्रेणियों के 298 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इसके तहत संविदा के आधार पर अस्पताल प्रबंधक, वित्त प्रबंधक और आईटी एक्जीक्यूटिव की बहाली होगी। इन सभी को राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज, सभी 24 सदर अस्पताल, अनुमंडलीय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में नियुक्त किया जाएगा। पिछले दिनों मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की अनुशंसा कर दी गयी है।

****************

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने हवाई अड्डे पर किफ़ायती दरों पर भोजन और पानी जैसी बुनियादी ज़रूरतें उपलब्ध कराने के लिए उड़ान यात्री कैफे शुरू करने की घोषणा की है। पेश है एक रिपोर्ट–

****************

राज्य सरकार के पंचायती राज विभाग की ओर से कल रांची में **पेसा अधिनियम** पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य पेसा अधिनियम, 1996 के प्रावधानों के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस कार्यशाला में पंचायती राज, ग्रामीण विकास और ग्रामीण कार्य मंत्री दीपिका पांडे सिंह मौजूद रहेंगी। इसके अलावा केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज अनुसूचित क्षेत्रों में स्थानीय शासन को आगे बढ़ाने में पेसा के महत्व पर प्रकाश डालेंगे।

****************

राजधानी रांची से सटे खूंटी जिले में इन दिनों बड़ी संख्या में पर्यटकों की भीड़ देखी जा रही है। दिसंबर महीने के अंत से शुरू होने वाली यह भीड़ नए साल के जनवरी महीने तक लगी रहेगी। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने कई स्तरों पर तैयारी की है, जिसके बारे में जिले के उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने जानकारी दी है।

****************

सिमडेगा जिले में सुशासन सप्ताह और प्रशासन गांव की ओर जैसे विभिन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे सिमडेगा संवाददाता –

****************

मध्यप्रदेश के देवास में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल के अंडर–19 ताइक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और रजत पदक जीत लिया है। इसके अलावा राज्य के पांच खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे। झारखंड की ओर से स्वर्ण पदक जीतने वाली संजना ने अंडर–40 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में हरियाणा को 2–1 से हराया। वहीं, रजत पदक जीतने वाले अमन मुंडा ने 59 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में दिल्ली को 2–0 से हरा कर फाइनल में प्रवेश पाया। दोनों खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्कूली एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन सहित विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह ने बधाई दी है।

********समाप्त********